संपादकीय

एक फिजूल की बहस

एक तरफ समलैंगिक विवाह का समर्थन प्रगतिशील दिखने का एक आसान रास्ता है, वहीं इसका विरोध एक मजहबी सोच वाले समाज में परंपरावादी खेमों के बीच अपना नैतिक भाव बढ़ाने का जरिया साबित होता है।

समलैंगिक विवाह का मसला एक अत्यधिक और संभवत: जरूरत से ज्यादा महत्त्व पाने वाला विषय है। इसकी एक वजह संभवत: इससे जुड़ा यौन का पक्ष होता है, जिसको लेकर समाज में एक स्वाभाविक कौतूहल का भाव रहता है। फिर इसके समर्थन और विरोध में बंटना सियासी लिहाज से भी फायदेमंद बना रहा है। एक तरफ समलैंगिक विवाह का समर्थन प्रगतिशील दिखने का एक आसान रास्ता है, वहीं इसका विरोध एक मजहबी सोच वाले समाज में परंपरावादी खेमों के बीच अपना नैतिक भाव बढ़ाने का जरिया साबित होता है। वरना, ऐसे मुद्दों को लोगों की निजी जिंदगी के लिए छोड़ा जा सकता है। असल में ऐसा ही सदियों से रहा है। जैसे रिश्ते आम तौर पर लोगों को पसंद ना हों, उन्हें कानूनी मान्यता दिलवाने की कोशिश असल में उतनी ही गैर-जरूरी है, जितनी उन्हें गैर-कानूनी बनाने के लिए वैधानिक उपाय करने की मांगें हो सकती हैं। लेकिन जब किसी समाज में इनसान की आम खुशहाली के मुद्दों को राजनीतिक और सामाजिक विमर्श से हटा दिया जाता है, तब ऐसे मुद्दे केंद्र में चले आते हैं। तो अब सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह की वैधता के मसले पर सुनवाई शुरू कर रहा है।

सोमवार को केंद्र सरकार ने इस बारे में अपना रुख उसे बताया। केंद्र ने ऐसे चलन का विरोध किया है। केंद्र ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस रवींद्र भट, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच के सामने सुनवाई से पहले एक नया आवेदन दायर किया है। उसमें कहा गया है कि समलैंगिक विवाह की मांग सामाजिक स्वीकृति के उद्देश्य से केवल "शहरी संभ्रांतवादी" विचार है। इसे मान्यता देने का मतलब कानून की एक पूरी शाखा को दोबारा लिखना होगा। केंद्र ने कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। किसी विवाह को मान्यता देना अनिवार्य रूप से विधायी कार्य है और कोर्ट को इस पर फैसला करने बचना चाहिए। उचित होगा कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र की इस दलील को स्वीकार कर ले। कानून बनाना निर्विवाद रूप से संसद का ही दायित्व है।

कंपनियों के तिमाही परिणाम से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई। वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह चाल निर्धारित करने में कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के परिणाम की अहम भूमिका होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 775.94 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 59655.06 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.95 अंक यानी 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर 17624.05 अंक पर आ गया।

वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 124.4 अंक की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 24844.97 अंक और स्मॉलकैप 84.68 अंक की बढ़त लेकर 28234.26 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2021-2022 की अंतिम तिमाही में कंपनियों के तिमाही नतीजे का बजार पर असर रहेगा। अगले सप्ताह मारुति, एक्सिस बैंक, विप्रो, हिंदुस्तान यूनीलीवर, इंडसइंड बैंक, महाराष्ट्र बैंक, बजाज ऑटो, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एसीसी जैसी दिग्गज कंपनियों के परिणाम जारी होने वाले हैं।

इसके अलावा कच्चे तेल की कीमत, डॉलर सूचकांक एवं विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। एफआईआई ने पिछले लगातार तीन महीने दिसंबर, जनवरी और फरवरी में बाजार से निवेश निकाल लिए। लेकिन, मार्च में उसने 1,997.70 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। इसके बाद एफआईआई अप्रैल में अबतक 316.67 करोड़ रुपये के शुद्ध लिवाल रहे हैं। इसी तरह घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का शुद्ध निवेश 342.32 करोड़ रुपये रहा।

बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन गिरावट और दो दिन तेजी रही। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों टीसीएस और इंफोसिस के कमजोर तिमाही नतीजे से हतोत्साहित निवेशकों की आईटी और टेक समेत पांच समूहों में हुई भारी बिकवाली के दबाव में सोमवार को सेंसेक्स 520.25 अंक का गोता लगाकर 59910.75 अंक और निफ्टी 121.15 अंक टूटकर 17706.85 अंक पर आ गया।

वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 183.74 अंक की गिरावट लेकर 59727.01 अंक और निफ्टी 46.70 अंक उतरकर 17660.15 अंक पर आ गया। वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, पावर और यूटिलिटीज समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 159.21 अंक का गोता लगाकर 59567.80 अंक पर आ गया।

अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट, दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में तेज के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह अधिकांश खाद्य तेलों के दाम गिर गए जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 11 रिंगिट बढ़कर 4111 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.76 सेंट की तेजी लेकर 54.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सोया रिफाइंड 73 रुपये, पाम ऑयल 67 रुपये और वनस्पति तेल 200 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया जबकि मूंगफली तेल में 222 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20732 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 13553 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9666 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11333 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर बढ़कर 586.4 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 14 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर बढ़कर 586.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.44 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 14 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 516.64 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 52.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 46.18 अरब डॉलर पर रहा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.8 करोड़ डॉलर गिरकर 18.4 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.19 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

ज्योति ने मिश्रित टीम के बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

अंताल्या। विश्व चैंपियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेनम ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक के महिला कंपाउंड वर्ग में व्यक्तिगत स्वर्ण जीता।

ज्योति ने कोलंबिया की पूर्व विश्व चैंपियन सारा लोपेज को 149-146 से हराकर टूर्नामेंट का दूसरा स्वर्ण जीता।

ज्योति और पदार्पण कर रहे उनकी जोड़ीदार ओजस देवताले ने इससे पहले चीनी ताइपे की टीम को 159-154 से हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला था।

ज्योति ने इस जीत से विश्व चैंपियनशिप फाइनल में इस कोलंबियाई प्रतिद्वंद्वी से मिली हार का बदला भी ले लिया। विश्व चैम्पियनशिप (यैंकटन 2021) में भारतीय खिलाड़ी को 144-146 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

फाइनल मुकाबले के पहले दौर में दोनों तीरंदाजों ने सटीक निशाने के साथ 30-30 अंक बनाये। भारतीय तीरंदाज ने हालांकि दूसरे दौर में भी 30 अंक के साथ शानदार प्रदर्शन जारी रखा जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी 29 अंक ही जुटा सकी।

क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड के बराबरी के साथ शीर्ष पर रहने वाली ज्योति ने चौथे छोर पर तीन और 10 अंक वाले निशाने लगाये और अपनी बढ़त को 119-117 कर लिया। इस दौर में भी सारा ने एक निशाना नौ अंक का लगाया था।

ज्योति ने इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक ब्रिटेन की एला गिब्सन को कड़े मुकाबले में 148-146 से हराया था।

रनअप में बदलाव, दबाव में शांत रहने से सफलता मिली : अर्शदीप

मुंबई। पंजाब के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में अपनी सफलता का श्रेय दबाव के क्षणों में शांत रहने और अपने रनअप में बदलाव को दिया जिसकी वजह से नोबॉल पर नियंत्रण कर सके।

अर्शदीप की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस को 13 रन से हराया। अर्शदीप ने चार विकेट चटकाये जिनमें से लगातार दो आखिरी ओवर में मिले।

अर्शदीप ने मैच के बाद कहा , विकेट लेकर अच्छा लगता है । जीतकर बेहतर महसूस हो रहा है। आईपीएल से पहले मैने अपना रनअप बदला जिससे नोबॉल पर नियंत्रण रहा । लय अच्छी है और मुझे खेलने में मजा आ रहा है।

अर्शदीप अब तक सात मैचों में 13 विकेट ले चुके हैं।

दबाव के क्षणों में अपनी मानसिकता के बारे में उन्होंने कहा, मेरा स्वभाव ही शांत है। मेरे दिल की धडक़न 120 से ऊपर नहीं जाती।

पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन ने मुंबई के घरेलू मैदान पर मिली जीत को खास बताया।

कुरेन ने कहा ,यह खास जीत है । मुझे नहीं लगा था कि मुझे प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार मिलेगा क्योंकि तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था।

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने कुछ गलतियां की लेकिन इस पर बहुत चिंता करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा , मैं टीम से अपना मनोबल बनाये रखने के लिये कहूंगा। अभी टूर्नामेंट में काफी मैच बाकी है। ग्रीन और सूर्यकुमार ने शानदार बल्लेबाजी की लेकिन अर्शदीप ने उनके लिये उम्दा गेंदबाजी की।

आदिपुरुष का लिरिक्ल मोशन पोस्टर हुआ जारी, धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते दिखे प्रभास

बाहुबली, साहो और राधेश्याम के बाद अभिनेता प्रभास हिन्दी भाषी दर्शकों में एक जाने माने अभिनेता के रूप में अपनी छवि बना चुके हैं। इन दिनों प्रभास अपनी आने वाली फिल्म आदिपुरुष को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाई परदे पर अवतरित होने जा रही है। फिल्म का निर्माण टी सीरीज के भूषण कुमार ने और निर्देशन ओम राउत ने किया, जो इससे पहले दर्शकों को तान्हाजी सरीखी फिल्म दे चुके हैं। अपने वीएफएक्स को लेकर आलोचना का सामना कर चुकी आदिपुरुष दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के बाद पुन:संशोधित होने लगी और अब आखिरकार फिल्म प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिल्ममेकर्स ने इस फिल्म का प्रमोशन करना शुरू कर दिया है। फिल्म के निर्माता-निर्देशक ओम राउत ने आदिपुरुष से आज प्रभास का एक नया पोस्टर जारी किया है। जो काफी जबरदस्त है।

सामने आए इस मोशन पोस्टर में प्रभु श्रीराम की स्तुति करते हुए भगवान राम के रूप में प्रभास का नया पोस्टर सामने आता है। जो काफी जबरदस्त है। मोशन पोस्टर के गीत को मनोज मुंतसिर शुक्ला ने लिखा और अजल अतुल ने इसे संगीतबद्ध किया है। श्रीराम की स्तुति को मनोज मुंतसिर शुक्ला ने बेहतरीन शब्दों के जरिये प्रकट किया है और उसी के अनुरूप अजय अतुल ने इसे संगीतबद्ध किया है। इस पोस्टर साँग दर्शकों और श्रोताओं को स्वयं की समाप्ति से पूर्व ही अपने साथ जोडऩे में सफल हो जाता है। इस गीत को सुनने के बाद इस बात का संकेत मिल रहा है कि यह फिल्म अपने प्रदर्शन के साथ ही दर्शकों पर एक अमिट छाप छोडऩे में सफल होगी। इस फिल्म का पोस्टर आप इस वीडियो के जरिए देख सकते हैं।

अब पूरी तरह से तैयार होने के बाद ही निर्माता-निर्देशक ओम राउत अपनी फिल्म आदिपुरुष को लेकर फिर से दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नया मोशन पोस्टर दर्शकों को काफी पसंद आया है।

आज का राशिफल

मेष : आज आपको व्यवसाय में लाभ होने के संयोग हैं। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं। आपके लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टि से बहुत शुभ है।

वृष : आज आपका मिला जुला समय रहेगा। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। आपको आज अपनी वाणी पर संयम रखें। जरूरत से ज्यादा वक़्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें।

मिथुन : मन पसन्न मुद्रा मे रहेगा। परिवार में आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। माता का आरोग्य अच्छा रहेगा। धन संपत्ति-मान सम्मान के अधिकारी बनेंगे। जल्दबाजी में निवेश न करें। दिन के कार्यभार से कुछ थकान का अनुभव होगा, परंतु स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कर्क : व्यवसाय में बाधा उपस्थित होने की संभावना है। मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र के नज़रिए से आज का दिन आपका है। इसका भरपूर फायदा उठाएँ।

सिंह : आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूर प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक बीतेगा। आज उच्च पदाधिकारी खुश होंगे। बाहर जाना हो सकता है।

कन्या : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। लेन-देन में सावधानी बरतें। कानूनी मसले हल होंगे। किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी। पत्नी एवं पुत्र की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।

तुला : आज स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे, परिणामस्वरूप घर में विरोध का वातावरण उपस्थित होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा।

वृश्चिक : आज व्यापार अच्छा चलेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएंगे। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी।

धनु : आज आपको अच्छे समाचार मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। आज आपका पारिवारिक वातावरण आनंद व उल्लास से लबालब भरा रहेगा। तन में चेतना एवं स्फूर्ति का संचार होगा।

मकर : आज आलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। सोच-समझकर व्यय करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में बाधाओं से मन अशांत रहेगा।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ है। आपका आज का दिन आनंद व उल्लास से भरा हुआ होगा व शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा। आज किए गए हर कार्य में सफलता मिलेगी।

मीन : आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर है। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। शत्रु से सतर्क रहें। कर्मनिष्ठ होकर हाथ पर रखे काम को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। आपका व्यवहार आज न्यायानुकूल रहेगा।

राम चरण की आगामी फिल्म आरसी 16 में नजर आएंगी जाह्नवी कपूर, निभाएंगी अहम किरदार

दिवगंत अभिनेत्री श्रीदेवी के बेटी जाह्नवी कपूर बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। बहुत ही कम समय में उन्होंने इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। आने वाले वक्त में जाह्नवी एक से बढक़र एक फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर की एनटीआर 30, बवाल, तख्त और मिस्टर एंड मिसेज माही शामिल हैं। इस बीच जाह्नवी के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, जाह्नवी राम चरण की



आरसी 16 में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

जाह्नवी पहली बार राम चरण के साथ हाथ मिलाने के लिए निर्माताओं संग बातचीत कर रही हैं। उन्हें फिल्म में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। बुच्ची बाबू निर्देशित आरसी 61 को एक गांव आधारित फिल्म कहा जाता है, जो एक बाहरी मनोरंजन के रूप में बनाई गई है। उम्मीद की जा रही है कि सितंबर में राम चरण गेम चेंजर की शूटिंग खत्म करने के बाद आरसी 16 पर काम शुरू करेंगे।

साउथ सुपरस्टार राम चरण अपनी फिल्म आरआरआर को मिली बंपर सक्सेस के बाद इन दिनों मालदीव में पत्नी संग चलिटी टाइम बिता रहे हैं।

विद्युत जामवाल की आईबी71 का नया पोस्टर जारी, 12 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी

विद्युत जामवाल मौजूदा वक्त में आईबी71 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि आईबी71 विद्युत की अपनी प्रोडक्शन कंपनी एक्शन हीरो फिल्म्स की पहली फिल्म है। इसमें अनुपम खेर भी हैं। हाल ही में आईबी71 धमाकेदार टीजर सामने आया था, जिसे दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला है। अब शुक्रवार को निर्माताओं ने आईबी71 का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का ट्रेलर सोमवार

(24 अप्रैल) को जारी किया जाएगा।

टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, नियमित सोमवार नहीं क्योंकि यह एक मिशन दिवस होने जा रहा है।

आमरस खाकर हो गए हैं बोर, तो इस बार ट्राई करें आम से बनी टेस्टी मैंगो रबड़ी

अगर आप रबड़ी खाने के शौकीन हैं और एक ही तरह की रबड़ी खा-खाकर बोर हो चुके हैं, तो इस बार इसके स्वाद में एक ट्विस्ट दे सकते हैं। गर्मियों में बाजार में बहुत मिलते हैं। ऐसे में आप इस सीजन में घर पर मैंगो रहबड़ी बना सकते हैं।

सामग्री :

1 लीटर फुल क्रीम
2 बड़े चम्मच चीनी
1 कप मैंगो प्यूरी
1/2 छोटा चम्मच इलायची पाउडर
5-6 केसर के धागे
6-7 पिस्ता (कटे हुए)
4-5 बादाम (कटे हुए)

विधि :

मैंगो रबड़ी बनाने के लिए सबसे पहले दूध को गाढ़ा होने तक उबालें।

इसे तब तक उबालें जब तक इसकी मात्रा आधी न हो जाए।

अब इस गाढ़े दूध में शक्कर डालें और तब तक चलाएं जह तक शक्कर घुल न जाए।

इसके बाद इसमें कटे हुए पिस्ता-बादाम और अन्य सूखे मेवे डालें।

अब इलायची पाउडर और केसर डालकर गैस बंद कर दें।

इसके बाद इसे ठंडा होने के लिए रख दें। ठंडा होने पर इसमें मैंगो प्यूरी मिलाएं।

अब इस मिश्रण को एक बाउल में डालें और थोड़ी देर के लिए जमने दें।

रबड़ी जितना गाढ़ापन आने के बाद इसे ड्राई फ्रूट्स से गार्निश कर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 43

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 042 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व		
प		ति			र	क्ष	क		
र	ह	मा	न					आ	
वा			मि	थु	न		दा	स	
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा	
	न				ब	क	वा	स	
औ	र	त		म		त			
ला		बे	च	ना		व	च	न	
द	ह	ला		ना	ग	र		दी	

सू-दोकू- 43

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.042 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6